>

Title: Need to ensure accessibility of medical facilities to people under National Rural Health Mission in Sultanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत हर साल भारत सरकार गांवों में बसे गरीब एवं किसान लोगों के परिवार को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दिलाने के लिए करोड़ों रुपया आवंटित करती है परंतु उत्तर प्रदेश में इन स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं से जनता वंचित है और लोगों को अपने इलाज के लिए निजी अस्पतालों एवं डाक्टरों से इलाज करवाना पड़ रहा है, जिस पर गरीब लोग अपने खून पसीने की कमाई खर्च कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की कोई सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, न दवा और डाक्टर है इसलिए लोग स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं जा रहे हैं।

सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में जो अनियमितताएं हुई हैं उसकी जांच करवाएं और दोषी लोगों को दंडित करवाएं तथा केन्द्र की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था करें।